# प्रेस नोट-थाना कोतवाली

## जनपद शाहजहाँपुर

## सराहनीय कार्य दिनांक- 06.05.2026

## थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान घर में घुसकर चोरी की घटना से संबंधित अभियोग में वांछित 02 नफर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक,शाहजहाँपुर महोदय, श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार जनपद में अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई ।

**संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 05.05.2026 की रात्रि में थाना कोतवाली पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमे से वांछित अभियुक्त 1. मंगू लाल उर्फ राजेश पुत्र फकीरेलाल निवासी रहीमापुर थाना उचौलिया जनपद लखीमपुर खीरी तथा 2. लालजी मौर्या पुत्र सिरतु मौर्या निवासी जमुअहा थाना बरदह जनपद आजमगढ़, चोरी का माल एवं अवैध असलहा लेकर नहर के रास्ते उमरगंज की ओर से कहीं खपाने के उद्देश्य से जा रहे हैं। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पोस्टमार्टम हाउस तिराहा से लगभग 200 मीटर उमरगंज की ओर पुख्ता रोड पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। कुछ समय पश्चात दो संदिग्ध व्यक्ति उमरगंज की ओर से आते हुए दिखाई दिए, जिन्हें मुखबिर द्वारा पहचान कर पुष्टि की गई तथा मुखबिर मौके से चला गया। पुलिस टीम द्वारा झाड़ियों में छिपकर दोनों व्यक्तियों के नजदीक आने का इंतजार किया गया । जैसे ही दोनों व्यक्ति निकट आए, पुलिस द्वारा टार्च की रोशनी से रुकने का संकेत किया गया, किन्तु दोनों अभियुक्त पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर भागने लगे तथा पुलिस द्वारा रुकने के लिए कहने पर दोनों ने जान से मारने की नीयत से अवैध असलहों से फायर कर दिया । पुलिस टीम द्वारा सतर्कता एवं प्रशिक्षण के अनुरूप कार्यवाही करते हुए स्वयं को सुरक्षित रखते हुए तत्काल दबिश दी गई और बिना दूसरा फायर करने का अवसर दिए दोनों अभियुक्तों को समय लगभग 22:36 बजे उमरगंज की ओर पुख्ता रोड पर करीब 20 कदम की दूरी पर पकड़ लिया गया । तलाशी लेने पर अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद तमंचा .315 बोर, जिनकी नाल में एक-एक खोखा कारतूस फंसा हुआ था, तथा प्रत्येक के पास एक-एक जीवित कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। साथ ही 02 प्लास्टिक के डिब्बों में चोरी का माल बरामद हुआ, जिसमें एक डिब्बे में एक जोड़ी सफेद धातु की पायल व ₹1020/- तथा दूसरे डिब्बे में एक कटिया टॉप्स (पीली धातु) व ₹650/- बरामद हुए। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली शाहजहाँपुर पर मु0अ0सं0 138/2026 धारा 109(1) बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) एवं धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही मु0अ0सं0 114/2026 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस से संबंधित बरामद माल के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. मंगू लाल उर्फ राजेश पुत्र फकीरेलाल नि0 रहीमापुर थाना उचौलिया जिला लखीमपुर खीरी (उम्र करीब 45 वर्ष)
2. लालजी मौर्या पुत्र सिरतु मौर्या नि0 जमुअहा थाना बरदह जिला आजमगढ़ (उम्र करीब 45 वर्ष)

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम उमरगंज की तरफ रोड पुख्ता पर से, दिनांक 05.05.2026 को समय 22.36 बजे ।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 138/26 धारा 109(1) बी0एन0एस0 (पुलिस मुठभेड़) व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना कोतवाली शाहजहाँपुर

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त मंगू लाल उर्फ राजेश-**

1. मु0अ0सं0 28/21 धारा 392/411/506 भा0द0वि0 थाना पिहानी जिला हरदोई
2. मु0अ0सं0 91/2021 धारा 3/25 A.ACT थाना पिहानी जिला हरदोई
3. मु0अ0सं0 78/21 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना पिहानी जिला हरदोई
4. मु0अ0सं0 478/20 धारा 3/25 a.act थाना पसगवा जिला खीरी
5. मु0अ0सं0 76/24 धारा 3/25 A.ACT थाना उचौलिया जिला खीरी
6. मु0अ0सं0 169/25 धारा 115(2)/351(3)/352 BNS थाना उचौलिया जिला खीरी
7. मु0अ0सं0 256/25 धारा 309(4)/317(2) BNS थाना उचौलिया जिला खीरी
8. मु0अ0सं0 296/25 धारा 109(1) BNS व 3/25 A. ACT थाना उचौलिया जिला खीरी
9. मु0अ0सं0 85/2017 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना गोमतीनगर जिला लखनऊ
10. मु0अ0सं0 90/2017 धारा 457/380 भा0द0वि0 थाना गोमतीनगर जिला लखनऊ
11. मु0अ0सं0 104/17 धारा 457/380 भा0द0वि0 थाना गोमतीनगर जिला लखनऊ
12. मु0अ0सं0 397/17 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना गोमतीनगर जिला लखनऊ
13. मु0अ0सं0 148/17 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना गुडम्बा जिला लखनऊ
14. मु0अ0सं0 209/17 धारा 457/380 भा0द0वि0 थाना गुडम्बा जिला लखनऊ
15. मु0अ0सं0 237/17 धारा 457/380 भा0द0वि0 थाना गुडम्बा जिला लखनऊ
16. मु0अ0सं0 238/17 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना गुडम्बा जिला लखनऊ
17. मु0अ0सं0 240/17 धारा 307/34/457/380/411 भा0द0वि0 थाना गुडम्बा जिला लखनऊ
18. मु0अ0सं0 292/17 धारा 2 / 3 गैगस्टर एक्ट थाना गुडम्बा जिला लखनऊ
19. मु0अ0सं0 388/17 धारा 399/402 भा0द0वि0 थाना कांट जिला शाहजहाँपुर
20. मु0अ0सं0 389/17 धारा 3/25 A.ACT थाना कांट जिला शाहजहाँपुर
21. मु0अ0सं0 309/22 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना कोतवाली जिला शाहजहाँपुर
22. मु0अ0सं0 724/21 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना रोजा जिला शाहजहाँपुर
23. मु0अ0सं0 726/21 धारा 3/25 A.ACT थाना रोजा जिला शाहजहाँपुर
24. मु0अ0सं0 44/25 धारा 303(2)/317(2) BNS थाना इमलिया जिला सुल्तानपुर
25. मु0अ0सं0 114/2026 धारा 331(4)/305(ए)/ 317(2) बी.एन.एस. थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
26. मु0अ0सं0 138/26 धारा 109(1) बी0एन0एस0 (पुलिस मुठभेड) व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना कोतवाली शाहजहाँपुर

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त लालजी मौर्या-**

1. मु0अ0सं0 15/23 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना नैनी जिला प्रयागराज
2. मु0अ0सं0 86/23 धारा 411 भा0द0वि0 व 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 थाना नैनी जिला प्रयागराज
3. मु0अ0सं0 148/17 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना गुडम्बा जिला लखनऊ
4. मु0अ0सं0 209/17 धारा 457/380 भा0द0वि0 थाना गुडम्बा जिला लखनऊ
5. मु0अ0सं0 237/17 धारा 457/380 भा0द0वि0 थाना गुडम्बा जिला लखनऊ
6. मु0अ0सं0 238/17 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना गुडम्बा जिला लखनऊ
7. मु0अ0सं0 240/17 धारा 307/34/457/380/411 भा0द0वि0 थाना गुडम्बा जिला लखनऊ
8. मु0अ0सं0 92/25 धारा 305(A)/317(2)/317(4)/331(4) BNS थाना लंका जिला वाराणसी
9. मु0अ0सं0 99/25 धारा 305(A)/317(2)/317(4)/331(4) BNS थाना लंका जिला वाराणसी
10. मु0अ0सं0 114/2026 धारा 331(4)/305(ए)/ 317(2) बी.एन.एस. थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
11. मु0अ0सं0 138/26 धारा 109(1) बी0एन0एस0 (पुलिस मुठभेड) व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना कोतवाली शाहजहाँपुर

**अभियुक्तगण से माल बरामदगी का विवरण-**

1.दो अदद तमंचा .315 बोर

2.दो अदद खोखा कारतूस .315 बोर

3.दो जिन्दा कारतूस .315 बोर

4.दो प्लास्टिक के डिब्बे जिनमें एक डिब्बे मे एक जोडी सफेद धातु की पायल व 1020/ रुपये व दुसरे डिब्बे मे एक कटिया टाप्स पीली धातु व 650/ रुपये

**पूछताछ अभियुक्तगण-**

अभियुक्तगणों से पूछताछ की गयी तो दोनों ने एक स्वर में बताया कि साहब जो पीलीधातु व सफेद धातु के सामान बरामद हुए हैं ये हम दोनों ने मिलकर अब से करीब 10 दिन पहले रात्रि में मो0 आनन्द बिहार कालोनी में खेतो की तरफ से दीवार कूदकर बन्द घर में लगे ताले को तोड़कर अन्दर घुसकर अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे एक जोडी सफेद धातु की पायल व झुमकी तथा गुल्लक चोरी किये थे। उसके बाद पडोस के मकान में जीने के रास्ते उतरकर उसके कमरे का ताला तोड़कर व बक्से का ताला तोड़कर रखी साडियां चोरी की थी। चोरी करके हम लोग जिस रास्ते से आये थे उसी रास्ते वापस चले गये चोरी की गयी साडियों को हमने आने जाने वाले राहगीरों को बेच दिया था और चोरी की गयी एक जोडी सफेद धातु की पायल व एक कटिया टाप्स आपस में बाट लिये थे तथा गुल्लक से मिले 1200/- रुपये तथा साड़ियां बेचकर जो 3200/- रुपये हम दोनों ने आपस में बांट लिये थे जिनमें से कुछ रुपये हमने अपने ऐशोआराम में खर्च कर दिये आज हम दोनों से जो रुपये आपने बरामद किये है ये वही रुपये हैं।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह थाना कोतवाली शाहजहाँपुर।
2. एस0ओ0जी0/सर्विलांस प्रभारी उ0नि0 मनोज कुमार मय टीम जनपद शाहजहाँपुर
3. उ0नि0 श्री रणजीत बहादुर सिंह थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
4. उ0नि0 श्री प्रमोद प्रसाद थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
5. हे0का0 781 महेश कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
6. हे0का0 201 अनिल कुमार थाना सदर बाजार शाहजहाँपुर
7. हे0का0 297 मिनहाज अहमद थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
8. का0 2651 रविशंकर थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।